श्री अजय कुमार आजाद, अधीक्षण अभियंता, पथ अंचल, मोतिहारी द्वारा दिनांक–31.10.2023 को पथ प्रमंडल, बेतिया के अधीन पथों का निरीक्षण प्रतिवेदन।

उपस्थित पदाधिकारी का नाम–

1. श्री समलदेव कुमार, कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, बेतिया।
2. श्री अजय कुमार पाल, सहायक अभियंता, पथ अवर प्रमंडल सं0–02, बेतिया।
3. श्री रामचन्द्र बैठा, प्रभारी सहायक अभियंता, पथ अवर प्रमंडल, बगहा।
4. श्री दीपक कुमार, कनीय अभियंता, पथ प्रमंडल, बेतिया।
5. मो0 एहतेशाम अंसारी, कनीय अभियंता, पथ प्रमंडल, बेतिया।

1. लौरिया–सुगौली पथ– उक्त पथ जिसकी लम्बाई 28.20 कि0मी0 है तथा चौड़ाई 5.50मी है का कार्य संवेदक M/S Aditya Enterprises, Patna द्वारा किया जा रहा है। पथ के निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि पथ कार्य लगभग समाप्ति पर है एवं Road Furniture का कार्य प्रगति में पाया गया। संबंधित संवेदक को निदेश दिया गया कि Road Furniture का कार्य शीघ्र पूर्ण करावें। उपस्थित कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि कार्य नवम्बर–2023 तक पूर्ण हो जायेगा। कार्य की स्थिति संतोषप्रद पाई गई।
2. छोटकीपट्टी–बड़गॉव से कदमहवा पथ–निरीक्षण के क्रम में उक्त पथ में E/W-13.00Km, DBM-13.00Km तथा SDBC-10.00Km पाया गया। CD कार्य पूर्ण पाया गया तथा HL Bridge का कार्य प्रगति में पाया गया। संवेदक को निदेश दिया गया कि समय सीमा के अन्दर बचे कार्य को गुणवत्तापूर्ण कराना सुनिश्चित करें। साथही कार्यपालक अभियंता एवं सहायक अभियंता को निदेश दिया गया कि संवेदक से समन्वय स्थापित कर कार्य में तेजी लाना सुनिश्चित करें।
3. OPRMC-02/01A/Bettiah-
   (i) साठी–मटियारिया पथ जिसकी कुल लम्बाई 9.30 कि0मी0 है। इस पथ की स्थिति अच्छी पायी गई है।
   (ii) धूमनगर–मलदहिया–अंजुआ पथ जिसकी कुल लम्बाई 13.00 कि0मी0 है। पथ निरीक्षण के दौरान पथ की स्थिति अच्छी पाई गई।
   (iii) नरकटियागंज–बिनलवलिया पथ जिसकी कुल लम्बाई 3.5 कि0मी0 है। पथ निरीक्षण के दौरान पथ की स्थिति अच्छी पायी गई है।
4. OPRMC-02/01B/Bettiah-
   (i) नरकटियागंज–रामनगर पथ जिसकी कुल लम्बाई 14.50 कि0मी0 है। पथ की स्थिति अच्छी है।
   (ii) लौरिया–रामनगर पथ जिसकी कुल लम्बाई 10.00 कि0मी0 है। पथ की स्थिति अच्छी है।
   (iii) लौरिया–नन्दगढ़ पथ जिसकी कुल लम्बाई 2.73 कि0मी0 है। पथ निरीक्षण के दौरान पथ फ्लैंक में कही–कही झाड़ी पाया गया, जिसके संबंध में स्थल पर उपस्थित कार्यपालक अभियंता को शीघ्र झाड़ी हटाने हेतु निदेशित किया गया। पथ क्रस्ट की स्थिति अच्छी है।
   (iv) लौरिया–शिकारपुर–ठोरी पथ जिसकी लम्बाई 41.45 कि0मी0 है। पथ की स्थिति अच्छी है।

ह0/–

अधीक्षण अभियंता
पथ अंचल, मोतिहारी।

ज्ञापांक– 919 दिनांक– 02.11.23

प्रतिलिपि–कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, बेतिया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु प्रेषित।

02-11-23

अधीक्षण अभियंता

पथ अंचल, मोतिहारी।